अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि IAS / PCS ACADEMY

at a glance...

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

27 OCT. 2023

USEFUL FOR

## IAS | PCS

& other civil services exams





**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

## 1. ECI ने राजकुमार को 'नेशनल आइकन' बनाया



- 26 अक्टूबर को इलेक्शन कमिशन ऑफ इंडिया (ECI) ने बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव को 'नेशनल आइकन' नियुक्त किया है।
- फिल्म न्यूटन में राजकुमार की एक्टिंग से प्रेरित होकर ECI ने उन्हें नेशनल आइकन बनाया है, जिसके लिए राजकुमार कोई फीस नहीं ले रहे हैं।
- ECI ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए राजकुमार राव को 'नेशनल आइकन' बनाया है।
- राजकुमार राव का जन्म 31 अगस्त 1984 को हरियाणा के गुरुग्राम में हुआ था।

## 2. केंद्र ने उत्तराखंड में 'जमरानी बांध परियोजना' को मंजूरी दे दी



- 25 अक्टूबर को केंद्र सरकार ने उत्तराखंड में 'जमरानी बांध परियोजना' को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना 'प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' कार्यक्रम के तहत पूरी की जाएगी।
- उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि 'जमरानी बांध परियोजना' की मंजूरी मिलने से हलद्वानी और आसपास के इलाकों में पेयजल और बिजली की समस्या से निजात मिलेगी।
- इस परियोजना से 57065 हेक्टेयर भूमि सिंचाई के दायरे में लाई जाएगी।

## 3. 37वें नेशनल गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी




- पीएम नरेंद्र मोदी ने जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में रथ पर सवार होकर स्टेडियम का चक्कर लगाया।
- नेशनल गेम्स के 37वें सीजन की शुरुआत 25 अक्टूबर सेहो चुकी है।
- नेशनल गेम्स की ऑफिशियल ओपनिंग सेरेमनी आज (26 अक्टूबर) गोवा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरू हुई।
- ओलिंपिक्स की मेजबानी के लिए तैयार भारत मोदी ने कहा, 'भारत साल 2030 में यूथ ओलिंपिक्स और 2036 में ओलिंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार है।
- गोवा पहली बार नेशनल गेम्स की मेजबानी कर रहा है।
- गोवा में गेम्स के 45 इवेंट्स होंगे, लेकिन साइकिलिंग और गोल्फ के मुकाबले दिल्ली में होंगे।
- गोवा में आयोजित नेशनल गेम्स में कुल 47 इवेंट्स होंगे।
- इनमें 10,000 से ज्यादा एथलीट हिस्सा ले रहे हैं।




**पिछले 5 नेशनल गेम्स के विनर्स**


| साल | होस्ट | विनर |
|---|---|---|
| 2002 | आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश |
| 2007 | असम | सर्विसेज |
| 2011 | झारखंड | सर्विसेज |
| 2015 | केरल | सर्विसेज |
| 2022 | गुजरात | सर्विसेज |

**4. केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने अहमदाबाद, गुज़रात में आदि महोत्सव राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव का उद्घाटन किया**




- हाल ही में केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने अहमदाबाद, गुज़रात में आदि महोत्सव राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव का उद्घाटन किया
- आदि महोत्सव ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड' (TRIFED) का एक महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम है
- इसका उद्देश्य आम लोगों को एक ही स्थान पर आदिवासी समुदायों के समृद्ध और विविध शिल्प तथा संस्कृति से परिचित कराना है

**5. अशोक गाडगिल और शुब्रा सुरेश को अमरीका के द्वारा प्रौद्योगिकी और नवाचार में राष्ट्रीय पदक तथा विज्ञान का राष्ट्रीय पदक प्रदान किया गया**



- हाल ही में अशोक गाडगिल और शुब्रा सुरेश नाम के भारतीय मूल के दो अमरीकी वैज्ञानिकों व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडेन ने प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में योगदान के लिए अमरीका के पदक से सम्मानित किया।
- इन दोनों वैज्ञानिकों को प्रौद्योगिकी और नवाचार में राष्ट्रीय पदक तथा विज्ञान का राष्ट्रीय पदक प्रदान किया गया।
- पुरस्कार वितरण समारोह में राष्ट्रपति बाइडेन ने प्रमुख अमरीकी वैज्ञानिकों और अविष्कारकों को भी सम्मानित किया।
- **अन्य पुरस्कार -**
- दादासाहेब लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2023 - वहीदा रहमान
- नॉर्मन बोरलॉग फील्ड पुरस्कार 2023- स्वाती नायक
- सेफ्टी इनोवेशन अवार्ड- RITES लिमिटेड
- डॉ. ए. एम. गोखले पुरस्कार - ब्रिगेडियर संजय कुमार मिश्रा
- शिक्षा के क्षेत्र में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड- प्रो. नजमा अख्तर

**6. सुमित अंतिल ने एशियन पैरा गेम्स में स्वर्ण पदक जीता**



- हाल ही में खेले जा रहे चौथे पैरा एशियन गेम्स में सुमित अंतिल ने एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की भाला फेंक एफ 64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- उन्होंने इस टूर्नामेंट में विश्व रिकॉर्ड पैरा एशियाई रिकॉर्ड और खेल रिकॉर्ड बनाया।

**7. अंतर्राष्ट्रीय बौनापन जागरूकता दिवस 25 अक्टूबर को मनाया**




- दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने विश्व बौनापन दिवस मनाया
- अंतर्राष्ट्रीय बौनापन जागरूकता दिवस हर साल 25 अक्टूबर को मनाया जाता है।
- यह दिन एकॉन्ड्रोप्लासिया के प्रति जागरूकता फैलाता है, जो बौनेपन का कारण बनता है।
- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने अपने से जुड़े संस्थानों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करके इस दिन को मनाया।

**8. प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति लाभ योजना (PM-AJAY) में 3 केंद्र प्रायोजित योजनाओं को शामिल किया गया**




- हाल ही में प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति लाभ योजना (PM-AJAY) में 3 केंद्र प्रायोजित योजनाओं को शामिल किया गया है।
- इन 3 योजनाओं में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, अनुसूचित जाति उपयोजना को विशेष सहायता और बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना शामिल हैं
- आपको बता दें कि प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति लाभ योजना अनुसूचित जाति के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वर्ष 2021-22 में शुरू की गई एक योजना में है
- इसका उद्देश्य कौशल विकास, आय सृजन योजनाओं और अन्य पहलों के माध्यम से अतिरिक्त रोजगार के अवसर सृजित करके अनुसूचित जातियों की गरीबी को कम करना है

**9. राष्ट्रीय स्तर का 'सरस आजीविका मेला' 2023 गुरुग्राम में आयोजित किया जा रहा है.**




- राष्ट्रीय स्तर का 'सरस आजीविका मेला' 2023 (Saras Aajeevika Mela) गुरुग्राम के लेजर वैली ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है.
- यह 17 दिवसीय मेला अगले महीने की 11 तारीख तक जारी रहेगा.
- सरस आजीविका मेला ग्रामीण विकास मंत्रालय की दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की एक पहल है.

**10. महेंद्र सिंह धोनी बने Lays के ब्रांड एम्बेसडर**




- क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को लेज ने फिर से अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है।
- लेज ब्रांड की स्वामित्व रखने वाली कंपनी पेप्सिको इंडिया ने आज यहां यह घोषणा करते हुये कहा कि पूरे देश को एक धागे में पिरोने वाले क्रिकेट के आनंद को बढ़ाते हुए लेज ने बेहतरीन और सबसे पसंदीदा क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को एक बार फिर अपने साथ ब्रांड एंबेसडर के रूप में जोड़ा है।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **ECI ने किसे नेशनल आइकन बनाया है?**
   (a) अर्जुन कपूर
   (b) राजकुमार राव
   (c) अजय देवगन
   (d) इनमे से कोई नही
2. **जमरानी बांध परियोजना का संबंध किस राज्य से है?**
   (a) उत्तराखंड
   (b) हिमाचल प्रदेश
   (c) राजस्थान
   (d) पंजाब
3. **नेशनल गेम्स का कौनसा संस्करण 2023 में आयोजित किया जा रहा है?**
   (a) 35वें
   (b) 36वें
   (c) 37वें
   (d) 38वें
4. **हाल ही में समाचारों में देखा गया 'आदि महोत्सव' निम्नलिखित में से किसकी एक पहल है?**
   (a) राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम
   (b) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ (ट्राइफेड)
   (c) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
   (d) स्वदेशी मामलों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्य समूह
5. **अशोक गाडगिल और शुब्रा सुरेश को किस देश के द्वारा प्रौद्योगिकी और नवाचार में राष्ट्रीय पदक तथा विज्ञान का राष्ट्रीय पदक प्रदान किया गया है?**
   (a) भारत
   (b) अमेरिका
   (c) इंग्लैंड
   (d) फ्रांस
6. **सुमित अंतिल ने एशियन पैरा गेम्स में स्वर्ण पदक जीता है। वे किस खेल से संबंधित हैं?**
   (a) भाला फेंक
   (b) तैराकी
   (c) टेबल टेनिस
   (d) हैंडबॉल
7. **अंतर्राष्ट्रीय बौनापन जागरूकता दिवस हर साल कब मनाया जाता है?**
   (a) 24 अक्टूबर
   (b) 25 अक्टूबर
   (c) 26 अक्टूबर
   (d) 27 अक्टूबर
8. **कभी-कभी समाचारों में देखी जाने वाली प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति लाभ योजना किस मंत्रालय की एक पहल है?**
   (a) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
   (b) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय
   (c) पंचायती राज मंत्रालय
   (d) जनजातीय कार्य मंत्रालय
9. **राष्ट्रीय स्तर का 'सरस आजीविका मेला' 2023 का आयोजन कहां किया जा रहा है?**
   (a) पटना
   (b) गुरुग्राम
   (c) लखनऊ
   (d) वाराणसी
10. **हाल ही में Lays ने किसे अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है ?**
   (a) विराट कोहली
   (b) अक्षय कुमार
   (c) महेंद्र सिंह धोनी
   (d) इनमें से कोई नहीं

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (b) | (a) | (c) | (b) | (b) | (a) | (b) | (b) | (b) | (c) |